प्रकरण ३ भारतीय सुरक्षा व्यवस्था

भारत के प्रत्येक भूभाग की सुरक्षा की संपूर्ण जिम्मेदारी भारत सरकार की है । राष्ट्रपति भारत के तीनों सेनादलों के सर्वोच्च सेनापति होते हैं । केंद्रीय मंत्रिमंडल के रक्षा मंत्री रक्षा मंत्रालय के प्रमुख होते हैं । प्रधानमंत्री को सुरक्षा के बारे में सलाह देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होते हैं ।

रक्षा मंत्रालय और उसके विभाग

स्वतंत्रता के बाद रक्षा मंत्रालय की निर्मिति की गई । रक्षा मंत्रालय को प्राप्त संसाधन से शासकीय नीति को दिशा देना और मान्य कार्यक्रमों को प्रत्यक्ष में कार्यान्वित करना इस मंत्रालय का कार्य है ।

- **सुरक्षा विभाग :**

  सेनादल से संबंधित कार्य, सुरक्षा बजट, सुरक्षा नीति, संसदीय कामकाज की सुरक्षा के संदर्भ में विदेशों से सहयोग आदि विभाग रक्षा विभाग में आते हैं ।

- **सुरक्षा उत्पादन विभाग :**

  यह विभाग प्रमुखतः तीनों सुरक्षा दलों तथा विभागों को लगने वाले अलग-अलग उत्पादनों से संबंधित है । उसमें सुरक्षा उत्पाद कारखाने, सुरक्षा सामग्री, सार्वजनिक उत्पाद मंडल, अलग-अलग सामग्री तथा उनके अलग-अलग पुर्जे, सुरक्षा के संबंध में आयात सामग्री का स्वदेशीकरण (भारतीयकरण) आदि विभागों का नियोजन और नियंत्रण का समावेश है ।

- **सुरक्षा अनुसंधान और विकास विभाग :**

  अलग-अलग सुरक्षा सामग्री तथा उसके उत्पादन के संबंध में वैज्ञानिक जानकारी के बारे में भारत सरकार को सलाह देना, इस विभाग का कार्य है ।

- **निवृत्त सैनिक कल्याण विभाग :**

  तीनों सेनादलों के निवृत्त सैनिक (अवकाश प्राप्त), अधिकारी तथा अन्यों का निवृत्तिवेतन (पेंशन), कल्याण और पुनर्वसन आदि कार्य इस विभाग के द्वारा किए जाते हैं ।

- **सेनादल मुख्यालय और अंतरसेवा संगठन :**

  सुरक्षा मंत्रालय को तीनों सेनादलों के मुख्यालय और अलग-अलग सेवांतर्गत संगठनों का सहयोग मिलता है । तीनों सेनादल मुख्यालय जैसे- थलसेना मुख्यालय, नौसेना मुख्यालय, वायुसेना मुख्यालय क्रमशः थलसेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और वायुसेना प्रमुख के नियंत्रण में कार्य करते हैं ।

❍ सेनादल :

सुरक्षा मंत्रालय के अंतर्गत प्रमुख रूप से तीन सशस्त्र सेनादलों का अंतर्भाव होता है, जैसे–

- थलसेना
- नौसेना
- वायुसेना

सेनादल का बाह्य आक्रमण से देश की संप्रभुता की रक्षा करना प्राथमिक कार्य है । इसी प्रकार समय–समय पर निर्माण होने वाले खतरे/धोखा अथवा प्राकृतिक आपदा, हड़ताल और अशांति के समय शासन को सहयोग करना सेनादल का कार्य है ।

❍ सेनादल के विविध पद :

RANKS IN ARMY NAVY AND AIR FORCE AND THEIR EQUIVALENT				
Sr. No.	Army	Navy	Air Force	
1	Field Marshal फील्ड मार्शल	Admiral of the Fleet ऐडमिरल ऑफ द फ्लीट	Marshal of the Air Force मार्शल ऑफ द एअर फोर्स	
2	General जनरल	Admiral ऐडमिरल	Air Chief Marshal एअर चीफ मार्शल	Chiefs of Army, Nay and Air Staff थल सेना, नौसेना और वायुसेना प्रमुख
3	Lieutenant General लेफ्टिनेंट जनरल	Vice Admiral व्हाईस ऐडमिरल	Air Marshal एअर मार्शल	
4	Major General मेजर जनरल	Rear Admiral रिअर ऐडमिरल	Air Vice Marshal एअर व्हाईस मार्शल	
5	Brigadier ब्रिगेडियर	Commodore कोमोडोर	Air Commodore एअर कोमोडोर	
6	Colonel कर्नल	Captain कैप्टन	Group Captain ग्रुप कैप्टन	
7	Lieutenant Colonel लेफ्टिनेंट कर्नल	Commander कमांडर	Wing Commander विंग कमांडर	
8	Major मेजर	Lieutenant Commander लेफ्टिनेंट कमांडर	Squadron Leader स्क्वाड्रन लीडर	
9	Captain कैप्टन	Lieutenant लेफ्टिनेंट	Flight Lieutenant फ्लाईट लेफ्टिनेंट	
10	Lieutenant लेफ्टिनेंट	Sub Lieutenant सब लेफ्टिनेंट	Flying Officer फ्लाईंग ऑफिसर	

INDIAN ARMY RANK INSIGNIA: OFFICERS

General | Lieutenant General | Major General | Brigadier | Colonel

Lieutenant Colonel | Major | Captain | Lieutenant

INDIAN ARMY RANK INSIGNIA: JCO/NCO/JAWANS

Subedar Major | Subedar | Naib Subedar | Regimental Havildar Major | Regimental Quarter Master Havildar

Company Havildar Major | Company Quarter Master Havildar | Havildar | Naik | Lance Naik

INDIAN AIRFORCE RANKS



INDIAN NAVY RANKS



❍ अर्द्ध सैनिक बल

सैनिकी सेनादल की तुलना में अर्द्ध प्रशिक्षित, मर्यादित सुरक्षा कार्य करने वाले सेनादल याने अर्द्ध सैनिक सेनादल है । इनकी संघटनात्मक रचना, युद्धनीति, प्रशिक्षण, सहसंस्कृति और कार्य, नियमित सैनिकों के समान ही होते हैं परंतु वे देश के नियमित सेनादल का हिस्सा नहीं होते हैं । जैसे- राष्ट्रीय राइफल्स, असम राइफल्स् आदि ।

उपक्रम

१. अवकाश प्राप्त सेना प्रमुख (अधिकारी) अथवा भारतीय सेना तथा उनके अनुभवों के बारे में निम्नांकित मुद्दों के आधार पर साक्षात्कार लीजिए ।

(अ) सेना अधिकारी (प्रमुख) अथवा सैनिक का नाम/पद

.....

.....

(ब) शिक्षण-प्रशिक्षण

.....

.....

.....

(क) सेनादल का कार्यकाल

.....

.....

(ड) सेनादल की जिम्मेदारी

.....

.....

(इ) विशेष अनुभव

.....

.....

(ई) युवकों के लिए संदेश

.....

.....

.....

२. सशस्त्र सेनादल के संकेत स्थलों को भेट दें । अपनी रुचि के अनुसार किसी थल सेना के बारे में अधिक जानकारी संकलित कीजिए ।

३. किसी एक शौर्यपदक विजेता की जानकारी संकेत स्थल से प्राप्त करके लिखिए :

JB3IVD